तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 6 जून 2026

11 पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी

12 पर्यटन स्थलों व सार्वजनिक क्षेत्रों से प्लास्टिक, अपशिष्ट पदार्थों का किया संग्रहण




# हजारों टन धान का उठाव नहीं, विपणन अधिकारी का आदेश नहीं मान रहे मिलर्स

**बारिश में धान के खराब हो जाने की आशंका से खरीदी केंद्र प्रभारी परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मानसून आने को है लेकिन धान संग्रहण केन्द्रों में अभी भी 42 हजार टन से अधिक धान का उठाव नहीं होने से खुले में असुरक्षित पड़ा है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का अभियान समाप्त हुए लगभग छह माह बीत चुके हैं, लेकिन जिले में अब भी बड़ी मात्रा में धान का उठाव नहीं हुआ है। बस्तर संभाग में खरीदे गएधान का लगभग 79 प्रतिशत उठाव हुआ है, जबकि लगभग 21 प्रतिशत धान अब भी गोदामों और संग्रहण केंद्रों में पड़ा हुआ है।

अलग खबर

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार सातों जिलों में 1518521 टन की धान खरीदी गई, जिसमें से 1332325.26 टन धान का उठाव हुआ। वहीं 42058.27 टन की धान का उठाव शेष है। मात्रा के हिसाब से यह आंकड़ा बस्तर जिले में 28 हजार क्विंटल खरीदी समाप्त होने के कई माह बाद भी गोदामों में रखा हुआ है।

जबकि शासन के अनुसार धान खरीदी के बाद 31 मार्च तक धान का उठाव करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन विपणन अधिकारी की बातों को मिलर्स नहीं मान रहे। इसलिए अब तक धान का उठाव नहीं हो सका, जो बारिश में खराब हो जाएंगे। लगभग 21 प्रतिशत धान अब भी उठाव की प्रतीक्षा में है। खरीदी सत्र समाप्त होने के महीनों बाद भी इतनी बड़ी मात्रा में धान गोदामों में रखा गया है। यदि उठाव प्रक्रिया में तेजी नहीं लाई गई तो करोड़ों रुपये मूल्य की धान की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका ▶▶|शेष पेज 10 पर

### लंबे समय तक भंडारित धान में होगी नमी, फफूंद

विशेषज्ञों के अनुसार लंबे समय तक भंडारित धान में नमी, फफूंद, रंग परिवर्तन, वजन में कमी तथा गुणवत्ता प्रभावित होने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। विशेष रूप से मानसून के दौरान यह जोखिम और बढ़ जाता है। यदि समय रहते उठाव नहीं हुआ तो आर्थिक नुकसान के साथ-साथ गुणवत्ता संबंधी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है।



### विलंब से उठाव से धान के वजन में आई कमी

जिला सहकारी कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री एवं सहकारिता मंत्री को ज्ञापन सौंप कर समर्थन मूल्य में वर्ष 2025-26 में बस्तर जिला के 79 धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य किया गया है। धान का विलंब से उठाव होने के कारण धान के वजन में कमी आई है, जिसकी भरपाई प्रशासन द्वारा सहकारी समिति कर्मचारियों से किया जा रहा है। धान सुखत की राशि संस्था के कमीशन से कटौती होने पर समिति के कर्मचारियों को वेतन विसंगतियों का सामना करना पड़ेगा, जिसका प्रभाव समिति कर्मचारियों के पारिवारिक जीवन पर पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री आज आएंगे कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**जगदलपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव कल 6 जून को प्रातः 10:30 बजे महाराणा प्रताप चौक लालबाग पहुंचेंगे। जहां उनका स्वागत किया जाएगा। उसके बाद 10:50 बजे पावर हाऊस चौक स्थित फिल्टर प्लांट, 11:10 बजे नयामुण्डा फिल्टर प्लांट और 11:35 बजे नालंदा परिसर पी.जी. कॉलेज धरमपुरा पहुंचेंगे। 11:50 बजे पण्डरीतरई तालाब सौन्दर्यीकरण, छत्रपति शिवाजी वार्ड और 12:10 बजे गंगामुडा तालाब का सौंदर्यीकरण राजेन्द्र नगर वार्ड के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनके साथ महापौर समेत एमआईसी सदस्य पार्षद और निगम आयुक्त समेत नगर निगम का अमला मौजूद रहेगा।

### वर्ल्ड बाइसिकल डे पर संडे आन साइकिल अभियान कल

**जगदलपुर।** फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत वर्ल्ड बाइसाइकिल डे के अवसर पर 7 जून को शहर में संडे आन साइकिल अभियान का आयोजन होगा। इसका उद्देश्य आम जनता में फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता एवं नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करना है। प्रातः 7 बजे लालबाग मैदान से शुरू होकर कोतवाली चौक, चांदनी चौक, संजय मार्केट चौक, मां दंतेश्वरी मंदिर, दामोदर पेट्रोल पंप, दलपत सागर, समुंद चौक, सर्किट हाउस रोड से पंचपथ चौक होकर लालबाग मैदान में समाप्त होगी।

### 2 मंदिरों को मिलेगा पूजा भोग व सामान

**जगदलपुर।** तहसीलदार ने टेम्पल ईस्टेट के 22 मंदिरों में प्रति माह पूजा भोग सामग्री प्रदाय के लिए 11 जून तक प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। शहर के रियासतकालिन इन मंदिरों को पूजा भोग सामग्री जिला प्रशासन प्रदान करता है।

### समस्याओं को जल्द दूर करने का मिला आश्वासन



**जगदलपुर।** खरीफ विपणन कार्य से जुड़े कर्मचारियों की समस्याओं और धान उठाव में आ रही दिक्कतों को लेकर जिला सहकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष दिनेश कश्यप तथा उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। धान उठाव की प्रक्रिया को तेज करने, समितियों में लंबित धान का शीघ्र परिवहन कराने तथा सूखत से संबंधित व्यावहारिक समस्याओं के समाधान की मांग की गई। कर्मचारियों ने बताया कि समय पर धान उठाव नहीं होने से समितियों में अतिरिक्त दबाव बन रहा है, जिससे कर्मचारियों को कार्य संचालन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए समितियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण आवश्यक है। उन्होंने ▶▶|शेष पेज 10 पर

**प्रकृति से प्रेरणा, जलवायु संरक्षण और भविष्य का निर्माण थीम पर आयोजन**

# जंगल किसी एक गांव का नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के जीवन और भविष्य से जुड़ा : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





गुमलवाड़ा में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम प्रकृति से प्रेरणा, जलवायु संरक्षण और भविष्य का निर्माण रही।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम सभाओं को पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन तथा वनों के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें उनके संवैधानिक अधिकारों की जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे लोकतांत्रिक तरीके से अपने जंगलों का संरक्षण एवं प्रबंधन कर सकें। शुरूआत गुमलवाड़ा गांव के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई। बच्चों ने पारंपरिक धुरवा नृत्य से उपस्थितजनों को प्रभावित किया।

▪ गुमलवाड़ा में विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए गए पौधे

इस अवसर पर महा ग्राम सभा अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ कश्यप ने जिला ग्राम सभा संघ की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि जंगल केवल किसी एक गांव की आवश्यकता नहीं हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र के जीवन और भविष्य से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम केवल उसी संसाधन का उपयोग कर सकते हैं जिसे हम आज सुरक्षित रखेंगे। संतु मौर्य ने ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि जब ग्राम सभा मजबूत होती है, तब विकास एवं संरक्षण से जुड़े सभी कार्य लोकतांत्रिक ढंग से संभव हो पाते हैं। ग्राम कुरुषपाल के मंधार नाग ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि गांव में सामूहिक श्रमदान से किया गया पौधारोपण अब विकसित हो रहा है तथा इस वर्ष और अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। तिरिया के लुकु नाग ने पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामुदायिक प्रयासों से गांव में बांस राफ्टिंग जैसी गतिविधियां प्रारंभ हुई हैं, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं तथा बाहरी पर्यटक भी गांव की ओर आकर्षित हो रहे हैं।तिरिया, मजकोट, रटेंगा एवं मुंडापाल सहित विभिन्न ग्राम सभाओं के प्रतिनिधियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के सफल प्रयास किए हैं। अनुभव शोरी ने कहा कि आज ग्राम सभाएं पहले की ▶▶|शेष पेज 10 पर

### पौधरोपण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व : कमांडेंट

**जगदलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कोबरा परिसर करनपुर में 201 एवं 204 कोबरा बटालियन ने पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के उद्धेश्य से पौधरोपण अभियान का आयोजन किया। इस दौरान अधिकारियों एवं कमाण्डोज ने बटालियन परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। कमांडेण्ट ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के विकास तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के महत्व के बारे में बताया। साथ ही अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण हेतु सतत प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का जीवनभर का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम में उपस्थित कमाण्डोज ने पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन हेतु सक्रिय योगदान देने की शपथ ली।



# नक्सल मामले में बंद विचाराधीन बंदी की उपचार के दौरान मौत

**जगदलपुर।** सेंट्रल जेल जगदलपुर में बीती रात बाथरूम में गिरने से घायल विचाराधीन बंदी की डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान शुक्रवार सुबह मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक केंद्रीय जेल जगदलपुर में नक्सल मामले में बंद विचाराधीन बंदी रमेश कुंजाम 35 वर्ष चार जून की रात बैरक से लगे शौचालय में गया हुआ था। इसी दौरान शौचालय में गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। गिरने की आवाज सुनकर साथी बंदियों ने इसकी जानकारी संतरी को दी जिसके बाद उसे उपचार के लिए महारानी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेकाज में उपचार के दौरान सुबह उसने दम तोड़ दिया। जेल प्रशासन द्वारा तत्काल इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। कोतवाली थाना प्रभारी अरूण मरकाम ने बताया कि शुक्रवार को परिजनों के आने के बाद शव पोस्टमार्टम करवाकर सुपुर्द कर दिया गया।



▪ सेंट्रल जेल में देर रात बाथरूम में गिरने से सिर में आई थी गंभीर चोट

### नवंबर 2025 में दंतेवाड़ा जेल से किया गया था स्थानांतरण

मृतक रमेश कुंजाम बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के ग्राम लिंगापुर का रहने वाला था। नक्सल मामले में गिरफ्तार कर उसे दंतेवाड़ा जिला जेल में रखा गया था। इसके बाद नवम्बर 2025 को उसे दंतेवाड़ा जेल से सेण्ट्रल जेल जगदलपुर स्थानांतरण किया गया था। उसके खिलाफ तीन नक्सल मामले चल रहे थे जिस पर न्यायायल में सुनवाई चल रही थी। रमेश कुंजाम की मौत मामले की कोतवाली पुलिस जांच कर रही है।

# पर्यावरण की रक्षा किसी एक की नहीं यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी: गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को 227 बटालियन सीआरपीएफ हेडक्वार्टर में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भव्य हरित अभियान की शुरूआत की गई।

▪ विश्व पर्यावरण दिवस पर सीआरपीएफ हेडक्वार्टर में किया गया पौधारोपण

पौधारोपण अभियान के दौरान कमाण्डेंट गोपाल कुमार गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष की वैश्विक थीम को ध्यान में रखते हुए 227 बटालियन तोंगपाल द्वारा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और दैनिक जीवन में सस्टेनेबल (सतत) प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कमाण्डेंट गुप्ता द्वारा दीर्घजीवी पेड़ के पौधे को लगाकर अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा पर्यावरण की रक्षा किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है हमारा लक्ष्य सिर्फ आज के दिन पेड़ लगाना नहीं है बल्कि एक ऐसा ईकोसिस्टम बनाना है जहां प्रकृति और प्रगति दोनों एक साथ-साथ चल ▶▶|शेष पेज 10 पर

## तेज रफ्तार बाइक की ट्रैक्टर से टक्कर, युवक की गई जान

**तोकापाल।** तोकापाल के मेटावाड़ा स्थित कुशवाहा पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार लगभग 100 किमी प्रति घंटा थी। मिली जानकारी के अनुसार बाइक क्रमांक सीजी 17 एलई 5032 तोकापाल की ओर से आ रही थी। इसी दौरान एक ट्रैक्टर पेट्रोल भरवाने के लिए पेट्रोल पंप की ओर मुड़ रहा था। तभी तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के दो टुकड़े हो गए और चालक के सिर में गंभीर चोटें आईं जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक युवक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरी घटना पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई होगी, लेकिन पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने फुटेज नहीं देखने की बात कही। लोगों ने इस पर सवाल उठाते हुए पेट्रोल पंप प्रबंधन की लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार पेट्रोल पंप के आसपास न तो कोई दिशा-सूचक बोर्ड लगा है और न ही पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था है। रात के समय यह क्षेत्र बेहद खतरनाक चौक के रूप में जाना जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी स्थान के आसपास पहले भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें तीन लोगों की जान जा चुकी है।

# ग्रामीण बैंक में लिंक फेल होने से उपभोक्ता परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खोली गई कुआकोंडा ग्रामीण बैंक से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक में आए दिन लिंक फेल होने से दूर-दराज के गांवों से आने वाले ग्राहकों को बिना काम के वापस लौटा दिया जा रहा है। भीषण गर्मी के बीच कई किलोमीटर का सफर तय कर बैंक पहुंचने वाले ग्रामीणों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

▪ कुआकोंडा ग्रामीण बैंक की असुविधा से ग्राहकों की बढ़ी परेशानी

ताजा मामला गढ़मिरी गांव की एक महिला का है जो आर्थिक जरूरत के लिए बैंक पहुंची थी। महिला लगातार दो दिनों से बैंक के चक्कर काट रही है लेकिन हर बार उसे लिंक फेल होने की बात कहकर लौटा दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई एक दिन की समस्या नहीं है बल्कि बैंक में अक्सर यही स्थिति बनी रहती है। परिणामस्वरूप मजदूर, किसान, पेंशनधारी और अन्य खाताधारक समय और पैसा दोनों गंवाने मजबूर हैं। ग्रामीणों की शिकायत है कि बैंक परिसर में ग्राहकों के लिए बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। घंटों तक लाइन में खड़े रहने वाले लोगों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। तेज गर्मी में पीने के ठंडे पानी जैसी जरूरी सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांग ग्राहक अधिक परेशान हो रहे हैं।

गढ़मिरी के शिक्षक बुधराम ने बताया कि बैंक की कार्यप्रणाली से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि बैंक कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों को सही जानकारी भी नहीं दी जाती, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। कई बार ग्राहक पूरे दिन इंतजार करने के बाद भी अपना काम नहीं करा पाते।

### शाखा प्रबंधक ने लिंक फेल होना स्वीकारा

इस संबंध में ग्रामीण बैंक कुआकोंडा के शाखा प्रबंधक अनिल खुजूर से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा आज ही लिंक फेल है, पता नहीं कहां-कहां से आपको जानकारी मिल जाती है। दिनभर में 50 वाउचर भरते हैं।

**21 जून तक भाजपा का विशेष जनसंपर्क अभियान चलेगा**

# केंद्र सरकार की 12 साल की उपलब्धियों को जनता को बताएंगे : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी 5 जून से 21 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम चलायेगी। जिसमें प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार बारह साल विश्वास के, विकास के, जन-कल्याण के तहत जिले में विविध कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। जनसंपर्क अभियान के साथ-साथ पौधरोपण, मीडिया संवाद, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्रा, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन के आयोजन होंगे। शुक्रवार को जिला कार्यालय में कार्यक्रम की कार्ययोजना को लेकर बैठक की गयी। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विद्याशरण तिवारी ने कहा कि 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का 12 वर्षो का स्वर्णिम सफर अद्भुत, अभूतपूर्व है। कांग्रेस नीत यूपीए गठबंधन ने देश को निराशा के गर्त में धकेल दिया था। भाजपा सरकार ने देश मे नयी आशा का संचार किया है और आज नया भारत 2047 के विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध रूप देने तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने कहा कि 21 जून तक संपूर्ण जिले में कार्यक्रम निरंतर आयोजित होंगे। जिनके माध्यम से जनसम्पर्क अभियान चला कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों से जनता को अवगत कराया जायेगा । संचालन जिला महामंत्री परीस राम बेसरा व आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष लखीधर बघेल ने किया।





### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, रामाश्रय सिंह, महापौर संजय पाण्डेय, योगेन्द्र पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, आर्येंद्र सिंह आर्य, नरसिंह राव,ललिता बघेल, रामकुमारी यादव, सुब्रतो विश्वास,नारायण ठाकुर, किरण सेन, प्रदीप देवांगन,बलदेव मण्डावी, सुरेश गुप्ता,आलोक अवस्थी, कृष्ण कुमार शुक्ला, रोहित त्रिवेदी, विपिन मालवीय, राजपाल कसेर, श्रीधर ओझा, अश्विनी सरडे, राममूर्ति पाण्डेय, धर्मपाल महावर, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, महेन्द्र सेठिया, सुखदेव मण्डावी, मंगतू कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### खरीफ सीजन की तैयारी तेज, किसानों को समय पर मिल रहा खाद–बीज



**कोण्डागांव।** सोनाबाल समिति पहुंचे किसान रामप्रसाद सेठिया और खुरसु राम कोर्राम को खरीफ फसल की तैयारी के लिए समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराया गया। जिले की विभिन्न सहकारी समितियों में किसानों की मांग के अनुसार यूरिया, डीएपी, एनपीके सहित अन्य कृषि आदानों का वितरण किया जा रहा है, जिससे खेती कार्य समय पर शुरू हो सके। बीज निगम कोण्डागांव द्वारा धान की उन्नत एवं प्रमाणित किस्मों के बीजों के साथ–साथ ढैंचा और मूंग जैसे हरी खाद बीजों का भी पर्याप्त भंडारण किया गया है। कृषि विभाग किसानों को नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा इनके लाभों की जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार नैनो उर्वरकों के प्रयोग से उत्पादन बढ़ाने, मिट्टी की उर्वरा शक्ति सुधारने और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलती है।

### बस किराया और महंगाई के खिलाफ सीपीआई का प्रदर्शन



**कोण्डागांव।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया सीपीआई ने बस्तर संभाग में बस किराए में हुई वृद्धि और लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय दंडाधिकारी कोंडागांव को सौंपा। पार्टी ने कहा कि बस किराए में की गई भारी बढ़ोतरी से किसानों, मजदूरों, विद्यार्थियों और आम यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। सीपीआई नेताओं ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि आदिवासी बहुल बस्तर संभाग में रायपुर, बिलासपुर और अन्य प्रमुख शहरों तक पहुंचने के लिए बस सेवा ही मुख्य परिवहन साधन है। ऐसे में प्रति यात्री 200 से 250 रुपये तक किराया बढ़ाया जाना क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है। पार्टी का कहना है कि पहले से ही खाद्य सामग्री, खाद्य तेल और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे समय में बस किराए में बढ़ोतरी ने किसानों, मजदूरों, मरीजों और विद्यार्थियों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। किसानों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने तथा विद्यार्थियों को शिक्षा संस्थानों तक आने–जाने में आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सीपीआई राज्य परिषद छत्तीसगढ़ के राज्य सचिव एवं बस्तर संभाग संयोजक तिलक पाण्डे के निर्देशन में जिला सचिव शैलेष, जिला सहायक सचिव दिनेश कुमार मरकाम, लक्ष्मण महावीर, दुबेश मरकाम, बिसम्बर मरकाम, मानसिंह, सोमारु गावड़े, सुधरन, सुदान, केशव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**पर्यावरण दिवस:** कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, स्कूलों व संस्थाओं में विविध आयोजन

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण वृद्धि और भावी पीढ़ी के लिए स्वच्छ वातावरण निर्माण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वनमंडल केशकाल द्वारा ईको पर्यटन केंद्र टाटामारी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम रहे। लम्बोदर सलाम मण्डल अध्यक्ष केशकाल भाजपा, पार्षदों में भूपेश चंद्राकर, नम्रता भारद्वाज, महेश कुमार तारम, एवं वरिष्ठ पत्रकार कृष्णदत्त उपाध्याय, गीता ध्रुव, कमला नेताम, चमन नाग,ईश्वर बैश उपस्थित रहे। अध्यक्षता वनमण्डलाधिकारी दिव्या गौतम ने की। उप वनमंडलाधिकारी सुषमा जे. नेताम, एस.डी.एम. केशकाल आकांक्षा नायक, एचडीएफसी बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन की भी मौजूदगी रही।

शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन के संदेश के साथ किया गया। ईको पर्यटन केंद्र टाटामारी में नवनिर्मित बाल उद्यान का लोकार्पण विधायक नीलकंठ टीकम ने किया। बाल उद्यान से क्षेत्र के बच्चों एवं पर्यटकों को मनोरंजन एवं प्रकृति से जुड़ने का एक नया केंद्र प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संचालित "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत अतिथियों, अधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों ने पौधरोपण किया। पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण वृद्धि एवं भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण निर्माण का संदेश दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन की भावना को सशक्त बनाने कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान करते हुए झाड़ू लगाकर परिसर की साफ-सफाई की गई। जिसमें कुल कचरा कूड़ा संग्रहण 150किलो रहा। कार्यक्रम में विधायक श्री टेकाम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

> ■ पर्यावरण संरक्षण, पौधों की सुरक्षा का दिलाया गया संकल्प

प्लास्टिक प्रदूषण को पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बताते हुए इसके उपयोग को कम करने तथा प्लास्टिक मुक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण, स्वच्छता एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। विधायक ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एवं ग्रामीणजनों को ईको पर्यटन केंद्र टाटामारी को प्लास्टिकसे अगले 15/08/2026 स्वतंत्रता दिवस तक मुक्त रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई गई। सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। समापन पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं जनभागीदारी के संकल्प के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## बेलगांव डीएवी स्कूल में विधायक लता ने रोपे गए पौधे



**कोण्डागांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बेलगांव स्थित डीएवी स्कूल परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुश्री लता उसेंडी, वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सहित जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने भाग लिया।

विद्यालय परिसर में निर्मित ग्रीन बाउंड्री वॉल एवं फेंसिंग के मध्य विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश दिया गया। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि विद्यालयों को हराभरा और पर्यावरण अनुकूल बनाना बच्चों के सवांर्गीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र के सभी शासकीय संस्थानों में चरणबद्ध रूप से ग्रीन बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाएगा।

वनमंडलाधिकारी श्री चूड़ामणि ने विद्यार्थियों को लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, छात्र–छात्राओं एवं ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। सभी ने परिसर को स्वच्छ एवं हरित बनाए रखने तथा पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, छात्र–छात्राएं एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## विधायक उसेण्डी ने लगाया आम का पौधा

**कोण्डागांव।** बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने शुक्रवार को जिला कार्यालय परिसर में आम का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विधायक सुश्री उसेण्डी ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण के अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को प्रकृति संरक्षण के लिए अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इससे न केवल हरियाली बढ़ती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण भी सुनिश्चित होता है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित उद्यानिकी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।



## जिला कार्यालय परिसर में कलेक्टर-एसपी ने किया पौधरोपण



**कोण्डागांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। पौधरोपण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश दांडे, संयुक्त कलेक्टर वहीदुर्रहमान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी–कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की बात कही। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और प्रा—तिक संसाधनों के संवर्धन के प्रति जनजागरुकता का संदेश दिया गया।

## मुक्तिधाम में गूंजा हरियाली का संदेश



**फरसगांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नगर पंचायत द्वारा बड़ेडोंगर रोड स्थित मुक्तिधाम परिसर में सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, नगर पंचायत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदियों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के सीएमओ मयंक बसंतवानी, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवीण सिंह बदेशा, भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव, दीपेंद्र मसीह सहित नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदियां की उपस्थित रही। सभी ने लगाए गए पौधों की देखभाल करने और क्षेत्र को अधिक हरित बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। मुक्तिधाम परिसर में किए गए पौधारोपण से न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण का संदेश दिया गया।

## न्यायिक अधिकारी- कर्मियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, रोपे पौधे



**कोण्डागांव।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री रिगरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष शुद्ध वायु प्रदान करने के साथ प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान हर्रा, बहेड़ा, साल सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण के माध्यम से हरित एवं स्वच्छ वातावरण निर्माण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश



विक्रम प्रताप चंद्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल तथा न्यायालयीन कर्मचारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाना और वृक्षारोपण को जनआंदोलन के रूप में प्रोत्साहित करना था। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित इस पहल ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश दिया।

## हायर सेकेंडरी स्कूल मयूरडोंगर में नींबू के पौधे लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मयूरडोंगर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में नींबू के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन तथा वृक्षों के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विद्यालय परिवार ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों को अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रें में भी पौधारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य जमील खान ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का स्मरण कराने का अवसर है। नींबू के पौधे के रोपण के साथ विद्यालय परिवार ने हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण हेतु अपना



योगदान देने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य जमील खान, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, श्रीमती रीता प्रधान, श्रीमती सुषमा पात्र, श्रीमती सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार, राजूराम मरकाम, प्रमानन्द वैद्य, भारत देवांगन सहित विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम की सफलता में सक्रिय सहभागी बना। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पौधेरोपण के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश देना था। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी ऐसे जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## पेज 9 के शेष

### हजारों टन धान का उठाव ...

से इंकार नहीं किया जा सकता। बस्तर जिला विपणन अधिकारी आरके ध्रुव ने बताया कि वर्तमान में लगभग 28 हजार क्विंटल धान का उठाव नहीं हो सका, जिसके उठाव के लिए प्रयास किया जा रहा है, जो शीघ्र ही उठाव किया जाएगा। धान को सुरक्षित करने के लिए तालपत्री से ढक दिया गया है, जिससे बारिश में भी धान खराब नहीं होगा।

**उठाव कराना विपणन अधिकारी की जिम्मेदारी :** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंवर सिंह ध्रुव ने बताया कि बस्तर संभाग के 42058.27 टन में से बस्तर जिला में 7934.11, बीजापुर जिला में 5164.46, दंतेवाड़ा जिला में 105.83, कांकेर जिला में 15790.83, कोंडागांव जिला में 8715.91, नारायणपुर जिला में 423.13 एवं सुकमा जिला में 3924 टन के धान का उठाव नहीं किया गया है। धान के उठाव की जिम्मेदारी विपणन अधिकारी की होती है।

### जंगल किसी एक गांव...

अपेक्षा अधिक जागरूक और सशक्त हुई हैं, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि मध्य भारत के अधिकांश सुरक्षित वन आदिवासी क्षेत्रों में स्थित हैं और उनके संरक्षण की सबसे बड़ी जिम्मेदारी आदिवासी समुदायों पर है। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम एवं पेसा कानून के तहत ग्राम सभाओं को प्राप्त प्रबंधन अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समुदाय विभिन्न सरकारी योजनाओं का उपयोग कर अपने जंगलों के संरक्षण एवं संवर्धन को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापवृद्धि पर भी विस्तार से चर्चा की तथा बताया कि मौसम में आ रहे बदलावों का सीधा प्रभाव मानव जीवन, कृषि और जैव विविधता पर पड़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रतीकात्मक रूप से 30 पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। साथ ही आगामी समय में कई हेक्टेयर वन भूमि पर व्यापक पौधारोपण अभियान चलाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर वन विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के ऋषभ गजबिए एवं संजय गजबिए भी उपस्थित रहे। उन्होंने समुदायों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में जिले की 20 ग्राम सभाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

**9 ग्राम सभाओं को मिला सम्मान :** पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक नेतृत्व एवं ग्राम सभा सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए निम्नलिखित ग्राम सभाओं को सम्मानित किया गया। तिरिया, तीतरी, मुंडापाल, घाटकवाली, बामनरास, कामदेव कुरुषपाल, गुमलवाड़ा, कोंडलुर, कांदानार शामिल थे।

**इनका रहा विशेष योगदान :** कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम सभा तिरिया के लोकूराम नाग, धीरज ठाकुर, बामन पोयाम, राजेश एवं रामसिंह, धूडमारास के तुलसी बघेल, बसंती गुमलवाड़ा, महंगू बघेल, राजू पोडियामी, सुमित पोयाम, ग्राम घाटकवाली की तामेश्वरी कश्यप, धनसाय नाग, बलिराम बघेल, अनुभव शोरी, संतु मौर्य, फुलसिंग नाग, सुखदेव बघेल, कमलेश कश्यप, बनसिंह मौर्य, सोमारू बघेल, लक्ष्मीनाथ कश्यप, लक्ष्मी मांझी एवं यशश्री का योगदान रहा।

### पर्यावरण की रक्षा किसी...

सके। इस अवसर पर 227 बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों ने मिलकर 160 से अधिक पौधे लगाए। अभियान के दौरान कमाण्डेंट गोपाल कुमार गुप्ता के अलावा सीएमओ एसजी डॉ विशाल मल्होत्रा, द्वितीय कमान अधिकारी संजीव सिंह, सीएमओ ओजी डॉ अमरनाथ कुमार, उप कमाण्डेंट शशिकांत राय, सहायक कमाण्डेंट कमलेश कुमार साहू समेत अधीनस्थ कर्मचारी व बटालियन के जवान मौजूद रहे।

### समस्याओं को जल्द...

सूखत की गणना में व्यवहारिकता लाने तथा कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेने की मांग की। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने कर्मचारियों की समस्याओं पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। वहीं उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने भी सहकारी व्यवस्था को मजबूत बनाने और कर्मचारियों की जायज मांगों पर उचित कार्रवाई करने की बात कही।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के. एस. ध्रुव, अतिरिक्त प्रबंधक एस. ए. रजा, पर्यवेक्षक मनोज सिंह एवं जिला सहकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**केशकालवासियों को जल्द मिलेगी बेहतर सड़क, ग्रामीणों महिलाओं से भी की चर्चा**

# उप मुख्यमंत्री साव ने किया बायपास रोड का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

डिप्टी सीएम अरुण साव नगर के निर्माणाधीन बाइपास मार्ग, नवनिर्मित सड़क और ग्राम बेड़मा में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और नगर की सड़क चौड़ीकरण व नाली निर्माण कार्य को जल्द स्वीकृति दिलाने का भरोसा दिलाया। जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों का निरीक्षण किया और ग्रामीण महिलाओ से भी मुखातिब हुए। इस दौरान उनके साथ विधायक नीलकंठ टेकाम, भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम, सरपंच लंबोदर सलाम एवं कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना भी मौजूद रहीं।

चार दिवसीय बस्तर प्रवास पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री श्री साव शुक्रवार को केशकाल पहुंचे। यहां उन्होंने



सबसे पहले निर्माणाधीन केशकाल बाइपास मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति, भूमि अधिग्रहण और पेड़ों की कटाई सहित विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद नगर की मुख्य सड़क का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय विधायक नीलकंठ टेकाम ने केशकाल नगर की सड़क चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया। इस पर डिप्टी सीएम ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण और नाली निर्माण के लिए केंद्र सरकार से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त कर जल्द कार्य प्रारंभ कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केशकालवासियों को जल्द बेहतर सड़क सुविधा की सौगात मिलेगी।

इसके बाद उपमुख्यमंत्री ग्राम बेड़मा पहुंचे, जहां उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर घर तक नल जल योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर ग्रामीणों को नल जल योजना के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

### प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना लक्ष्य

मीडिया से चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री साव ने बताया कि विधायक टेकाम द्वारा केशकाल-विश्रामपुरी मार्ग के चौड़ीकरण तथा केशकाल नगर की सड़क एवं नाली निर्माण की मांग रखी गई है। इस संबंध में केंद्र सरकार से पत्राचार करने और विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर जल्द आवश्यक स्वीकृति दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचे और लोगों को इसका सीधा लाभ मिले।

## जलवायु परिवर्तन पर ग्रीन समर कैंप शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸ लोहंडीगुड़ा

पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस लोहंडीगुड़ा में विद्यार्थियों के लिए ग्रीन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य विषय जलवायु परिवर्तन रखा गया है। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग तथा जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता विकसित करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के अनुरूप विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, जिम्मेदारी एवं व्यवहारिक समझ विकसित करने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को पौधरोपण, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से संबंधित रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों में शामिल किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापर्डे ने अपने संदेश में कहा कि, आज जलवायु परिवर्तन विश्व की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना अत्यंत आवश्यक है। ग्रीन समर कैंप के माध्यम से बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी तथा सतत विकास की भावना विकसित होगी, जो उन्हें भविष्य का जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक सिद्ध होगी। विद्यालय परिवार ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से इस पहल में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर रोपे गए छायादार व फलदार पौधे

# पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 195 बटालियन सीआरपीएफ बारसूर ने पौधरोपण अभियान का 5 जून को आयोजन किया। इस अवसर पर बटालियन के कमांडेंट अनिल कुमार सिंह ने फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करना तथा भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण सुनिश्चित करना था। पौधरोपण न केवल वायु की गुणवत्ता में सुधार करता है, बल्कि जैव विविधता के संरक्षण, मृदा अपरदन की रोकथाम तथा वन्य जीवों के लिए प्राकृतिक आवास उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर कमांडेंट अनिल कुमार सिंह ने कहा पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक व्यक्ति द्वारा लगाया गया एक पौधा भविष्य में एक बड़े सकारात्मक परिवर्तन का आधार बन सकता है। पौधरोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लेना भी उतना ही आवश्यक है। बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक अभियान में भाग लिया तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अनिल कुमार सिंह कमाण्डेन्ट के साथ सुभाष चन्द प्रसाद द्वितीय कमान अधिकारी प्रशा., विक्रांत वर्मा द्वितीय कमान अधिकारी परिचालन, डॉ. अनिल कुमार भारती सीएमओ ओजी, राजकुमार सहा.कमा., संजीव कुमार सहा.कमा., अधिनस्थ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जवान उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक पौधें लगाने और उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया। 195 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा आयोजित यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति बल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है तथा समाज में हरित एवं स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।




## एक पेड़ मां के नाम महाअभियान शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोकापाल

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तोकापाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बेड़ागुड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक अभियान एक पेड़ मां के नाम को साकार करते हुए व्यापक स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वन विभाग, सीएसएस विभाग, मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों ने मिलकर पौधरोपण किया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जनभागीदारी को बढ़ावा देना और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। ग्राम पंचायत बेड़ागुड़ा में आयोजित कार्यक्रम में वन विभाग के चित्रकोट रेंजर प्रकाश ठाकुर, डिप्टी रेंजर राजू मिश्रा एवं विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति रही। वहीं ग्राम पंचायत की सरपंच सोनादाई, उपसरपंच रैबारी बघेल, पंचायत के सभी दस वार्डों के पंचगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने का संकल्प भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर ग्रामीणों ने पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान पूरे ग्राम पंचायत क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया।

## आम से लेकर हरड़ तक लगाए गए विविध पौधे



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बस्तर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम कोलचुर के मीडिल स्कूल और हाई स्कूल में इस वर्ष भी नक्षत्र वाटिका की शुरुआत की गई। लगातार 5वें साल आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 20 प्रजातियों के पौधे रोपे गए।

वाटिका में आम, जामुन, खैर, नीम, आंवला, बरगद, पीपल, महुआ, सरगु, मुनगा, हरड़, बैंड और कोसम जैसे औषधीय और छायादार पौधों का रोपण किया गया। आयोजन का उद्देश्य छात्रों और ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के साथ नक्षत्रों से जुड़े पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूक करना रहा। इस दौरान कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन, बीआरसी अजम्बर कोर्राम, योग के लिए आए वैज्ञानिक प्रदीप शर्मा, और ट्यूशगुड़ा आश्रम के स्वामी साक्षी बने। कार्यक्रम की शुरुआत मां गायत्री यज्ञ के साथ की गई।

### ग्रामीणों और शिक्षकों ने निभाई अहम भूमिका

नक्षत्र वाटिका की स्थापना में ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय रहा। गड्ढे की खुदाई, सीमेंट पोल, फ्रेशिंग तार और गार्डन पाइप की व्यवस्था हार्दिक टांक, भावेश टांक, अमित टांक, मुकेश तिवारी, रंभा ठाकुर, अरुण परिहार ने की। वहीं गड्ढा खोदाई से लेकर तार खिंचाई तक संजय मिश्रा, नारायण लाल साहू, राकेश शर्मा, गिरधारी विश्वकर्मा, मनीष वर्मा, अर्जुन कोरमा समेत कई ग्रामीण जुटे रहे। इस सत्र में कोलचुर के अलावा बस्तर, तालुर, सालेमेटा-2 में भी नक्षत्र वाटिका स्थापित की गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कोलचुर की सरपंच, पंचगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पर्यावरण की रक्षा, मानवता की सुरक्षा का गूंजा नारा




हरिभूमि न्यूज ▸▸ मद्देड़

विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर आज ग्राम पंचायत कार्यालय मद्देड़ में प्रकृति और मातृत्व के अनूठे संगम का नजारा देखने को मिला। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत यहां एक वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय ग्रामीणों ने बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया।

इस खास अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने अपनी माताओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करते हुए पौधे लगाए। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने भावुक और प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा, जिस प्रकार मां हमारे जीवन का आधार होती है और हमारा पालन-पोषण करती है, ठीक उसी प्रकार वृक्ष भी इस पृथ्वी पर जीवन के संरक्षण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वक्ताओं ने अपील की कि हर व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और केवल लगाना ही नहीं, बल्कि उसकी नियमित देखभाल करने की जिम्मेदारी भी उठानी चाहिए।

वृक्षारोपण के साथ-साथ इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना भी था। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर चुनौतियों पर चर्चा की गई। जल संरक्षण और स्वच्छता के महत्व को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। उपस्थित सभी नागरिकों ने मिलकर एक 'हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण' के निर्माण के लिए अपना सक्रिय योगदान देने का दृढ़ संकल्प लिया। इस आयोजन में स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की टीम मौजूद रही। कार्यक्रम का समापन केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर पौधों के संरक्षण और संवर्धन का एक सामूहिक संकल्प लिया ताकि आज रोपे गए ये पौधे कल बड़े होकर क्षेत्र को हरी-भरी छांव दे सकें।

### ये रहे मौजूद

शारदा सण्ड्या सरपंच, मिरंजा खान सचिव, जागर मोहनराव रोजगार सहायक, भूलक्ष्मी मरपल्ली वार्ड पंच। सुरेश नक्का प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी, सुखदेव कश्यप उप वनक्षेत्रपाल, पी. गणपत राव उप वनक्षेत्रपाल। पी. संदीप, सुखलाल मांझी, बलम गोपाल, वासुदेव अल्लुर, शैलेश कावटी, नवलकिशोर जब्बा, कुमारी रोजारानी जब्बा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार बंधु और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## जवानों ने पर्यावरण की सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोंटा



विगत तीन दशक के आसपास से कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत इंजराम में सेवा दे रही 219 वीं बटालियन सीआरपीएफ ने अपने मुख्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरेपण अभियान चलाया। सीआरपीएफ आईजी वीरेंद्र अग्रवाल एवं कोंटा रेंज के डीआईजी राजेश पांडे के दिशा-निर्देश में पार्थ सारथी घोष कमांडेंट 219वीं बटालियन व आला अधिकारियों जवानों शामिल रहे। इसके अलावा बटालियन के सभी अलग-अलग कंपनियों ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण अभियान चलाया।

इस अवसर पर कमांडेंट ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बढ़ता प्रदूषण, वनों की कटाई तथा जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियाँ आज पूरे विश्व के समक्ष गंभीर चिंता का विषय हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों एवं जवानों से अधिक से अधिक पौध लगाने, जल एवं ऊर्जा का संरक्षण करने तथा अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर बटालियन परिसर में पौधरोपण अभियान चलाते हुए 160 वृक्ष लगाये गए तथा पर्यावरण संरक्षण संबंधी जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों एवं जवानों ने पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु सदैव प्रयासरत रहने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कमांडेंट सहित 219वीं बटालियन के अभय कुमार श्रीवास्तव उप कमांडेंट, कानाराम चौधरी सहायक कमांडेंट, कपिल सिंह सहायक कमांडेंट, राजकुमार यादव सहायक कमांडेंट एवं डॉ.राहुल आर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं जवानों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**निधन**

### सत्येंद्र तिवारी



**भोंड।** नगर पंचायत बस्तर निवासी सत्येंद्र तिवारी (51) का रायपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान आज प्रातः 10 बजे निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार थे। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम जगदलपुर में 6 जून को होगा। सुबह 9 बजे बस्तर निवास से अंतिम यात्रा रवाना होगी। वे मणिशंकर तिवारी के सुपुत्र तथा शैलेंद्र तिवारी, जितेन्द्र तिवारी एवं भृगु तिवारी के बड़े भाई थे।

## बीआईओएम किरन्दुल में विश्व पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ किरन्दुल

बीआईओएम किरन्दुल कॉम्पलेक्स परियोजना में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस रहवासी कॉलोनी में स्थित चाचा नेहरु उघान में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण ने सभी उपस्थित जनो को पर्यावरण शपथ दिलवा कर की।

तत्पश्चात पौधारोपण मुख्य अतिथि रवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक परियोजना प्रमुख, नमिता नारायण अध्यक्षा प्रेरणा महिला समिति, केपी सिंह मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन एवं एसके कोचर महाप्रबंधक खनन खान प्रबंधक, एम. सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक प्लांट, सेल्वा कुमार महाप्रबंधक यांत्रिक सेवाएं, केएल नागवेणी उप.महाप्रबंधक मानव संसाधन, एस. गुहा उप.महाप्रबंधक वित्त, एलके प्रधान उप.महाप्रबंधक सिविल, अवनीश शर्मा उप. महाप्रबंधक पर्यावरण, देवराल्लु अध्यक्ष एसकेएमएस, एके सिंह सचिव एमएमडब्लूयू अन्य पदाधिकारीगण, प्रेरणा महिला समिति की सदस्यों एवं विभागाध्यक्षों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्त में पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि शरवीन्द्र नारायण अधिशासी निदेशक परियोजना प्रमुख, नमिता नारायण अध्यक्षा प्रेरणा महिला समिति द्वारा भाषण प्रतियोगिता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता में विजयी रहे प्रतिभागियों को प्रदान किये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने विशद वत्स, वरिष्ठ प्रबंधक सिविल पर्यावरण, सौरभ कुमार कनिष्ठ प्रबंधक सिविल एवं विभागीय सदस्यों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन देवब्रत मंडल वरिष्ठ प्रबंधक पर्यावरण द्वारा किया गया।



## 217 बटालियन ने 150 फलदार व छायादार पौधे लगाए



**कोंटा।** ब्लॉक मुख्यालय कोंटा में सेवा दे रही सीआरपीएफ 217 वीं बटालियन ने डीआईजी राजेश कुमार पांडे परिचालन रेंज कोंटा के मार्गदर्शन एवं विजय शंकर कमांडेन्ट के नेतृत्व में मुख्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विरेन्द्र कुमार, पट्टी चैतन्य सहित वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारीगण एवं अन्य रैंक के कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। पर्यावरण को स्वच्छ और सुन्दर बनाने इस वर्ष 217 वाहिनीं के जवानों द्वारा 150 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए। कमाण्डेंट ने इस दिवस के वास्तविक महत्व और ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर चुनौतियों से अवगत कराया एवं प्रेरित करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए केवल पौधारोपण करना ही काफी नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण करना भी हमारा परम कर्तव्य है। उन्होनें हर वर्ष इसी प्रकार पूरे उत्साह के साथ अधिक से अधिक पौधे लगाने और प्रकृति को हरा-भरा बनाए रखने प्रेरित किया ताकि धरती हरी-भरी और सुरक्षित बनी रहें।

**शपथ-पत्र**

(नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में)

मैं जुगुल राम पिता गागरू उम्र 38 वर्ष जाति गोंड, निवासी ग्राम आमगांव पोस्ट फरसगांव तहसील व जिला नारायणपुर (छ.ग.) एतद्द्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूँ और निम्नानुसार घोषित करता हूँ :-

1. मैं ग्राम आमगांव पोस्ट फरसगांव तहसील व जिला नारायणपुर (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूँ ।
2. मैं अपनी नाबालिग पुत्री सुमन (SUMAN) के नाम के साथ उसका उपनाम पोटाई जोड़कर उसका नाम उपनाम सहित सुमन पोटाई (SUMAN POTAI) अंकित करवाना चाहता हूँ। जो उसके जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है ।
3. मैं अपनी पुत्री का नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
4. मेरी पत्नी श्रीमती सुकोन (पत्नी /पति का नाम) को हमारी नाबालिग पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है ।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता
जुगुल राम

// सत्यापन //

मैं शपथकर्ता जुगुल राम पिता गागरू सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक की समस्त जानकारी मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य एवं सहीं है। आज दिनाँक 05/06/2026 को स्थान नारायणपुर में अपना हस्ताक्षर/ अंगूठा निशान कर सत्यापित किया ।

सत्यापनकर्ता - जुगुल राम
स्थान :- नारायणपुर
दिनाँक :- 05/06/2026

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**नारायणपुर जिला नारायणपुर**
**नाम परिवर्तन हेतू शपथ- पत्र**

मैं सुकर कुमार राठौर पिता श्री रोयदास राठौर जाति– क्षत्रिय उम्र– 50 वर्ष निवासी– गढ़बेंगाल तहसील व जिला नारायणपुर राज्य छ.ग.494661 का हूं। शपथपुर्वक निम्न कथन करता हूँ कि-

1. यह कि मैं ग्राम – गढ़बेंगाल तहसील व जिला नारायणपुर राज्य छ.ग.494661 का/की निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पुत्री का नाम अक्षसा राठौर (ACHSAH RATHOUR) है। जो सत्य व सही है एवं उसके नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र एवं स्कूली प्रमाण पत्र में अंकित है।
3. यह कि मेरे पुत्री के नाम से आधार कार्ड क्रमांक- 4542 4105 1874 जारी हुआ है। जिसमें मेरे पुत्री का नाम अक्शा राठौर (AKSHA RATHORE) लिखा गया है। जिसे मैं सुधरवाकर अपने पुत्री का नाम अक्षसा राठौर (ACHSAH RATHOUR) लिखवाना चाहता हूं।
4. यह कि यह शपथ पत्र मेरे पुत्री के परिचय पत्र आधार कार्ड ,अंकसूची एवं सभी शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों अन्य अभिलेखों में मेरे पुत्री का नाम अक्षसा राठौर (ACHSAH RATHOUR) अंकित किये जाने बाबत शासकीय गजट में नाम परिवर्तन करने हेतु प्रकाशन किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है।

सत्यापन

मैं सुकर कुमार राठौर पिता श्री रोयदास राठौर जाति– क्षत्रिय उम्र– 50 वर्ष निवासी– गढ़बेंगाल तहसील व जिला नारायणपुर राज्य छ.ग.494661 शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र बयान की कुल कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक दी गई समस्त जानकारी मेरी निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 05/06/2026 को स्थान नारायणपुर में पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूं।

शुकर कुमार
शपथकर्ता

E-STAMP CERTIFICATE NO. IN-CG83927784668895Y

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**नारायणपुर जिला नारायणपुर**
**नाम परिवर्तन हेतू शपथ – पत्र**

मैं लेखराम बरेट पिता गणेश राम बरेट उम्र– 38 वर्ष निवासी– छोटेडोंगर तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर राज्य छ.ग. 494661 का हूँ। शपथपुर्वक निम्न कथन करता हूँ कि-

1. यह कि मैं ग्राम-छोटेडोंगर तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर छ.ग. 494661 का/की निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे पुत्र का नाम मयंक MAYANK है। जो सत्य व सही है एवं उसके नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र एवं स्कूली प्रमाण पत्र में अंकित है।
3. यह कि मेरे पुत्र के नाम से आधार कार्ड क्रमांक- 3864 9991 4440 जारी हुआ है। जिसमें मेरे पुत्र का नाम त्रुटि वश मयँग MAYANG लिखा गया है। जिसे मैं सुधरवाकर अपने पुत्र का नाम मयंक MAYANK लिखवाना चाहता हूं।
4. यह कि यह शपथ पत्र मेरे पुत्र के परिचय पत्र आधार कार्ड, अंकसूची एवं सभी शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों अन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम मयंक MAYANK अंकित किये जाने बाबत शासकीय गजट में नाम परिवर्तन करने हेतु प्रकाशन किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है।

सत्यापन

मैं लेखराम बरेट पिता गणेश राम बरेट उम्र– 38 वर्ष निवासी– छोटेडोंगर तहसील छोटेडोंगर जिला नारायणपुर राज्य छ.ग. 494661 शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र बयान की कुल कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक दी गई समस्त जानकारी मेरी निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 27/05/2026 को स्थान नारायणपुर में पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूं।

लेखराम
शपथकर्ता

**// शपथ पत्र //**

मैं अमृत ग्वाल पति गोविन्द ग्वाल उम्र 48 वर्ष निवासी- ब्लाक कालोनी फरसगांव तहसील फरसगांव जिला-कोंडागांव (छ.ग.) शपथपूर्वक कथन करती हूं कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते की निवासी हूं।
2. यह कि मेरा भारत निर्वाचन आयोग (परिचय पत्र) नंबर ZKR0869610 जारी किया गया है जिसमें मेरा नाम अमृत ग्वाल (AMRIT GWAL) एवं जन्मतिथि 06.01.1977 अंकित है जो कि सही एवं सत्य है।
3. यह कि मेरे नाम से आधारकार्ड नंबर 7806 6502 5984 जारी किया गया है जिसमें मेरा नाम त्रुटिवश अमृता ग्वाल (AMRITA GWAL) एवं जन्मतिथि 08.05.1977 अंकित है जो कि गलत है।
4. यह कि मेरे नाम से आधारकार्ड नंबर 7806 6502 5984 में मेरा सही नाम भारत निर्वाचन आयोग (परिचय पत्र) के अनुसार अमृत ग्वाल (AMRIT GWAL) एवं जन्मतिथि 06.01.1977 अंकित करवाना चाहती हूं जो कि सही एंव सत्य है।
5. यह कि यह शपथ पत्र मेरा आधारकार्ड में मेरा नाम एवं जन्मतिथि सुधार करने के समर्थन में प्रस्तुत कर रही हूं।

सत्यापन

मैं अमृत ग्वाल पति गोविन्द गवाल उम्र 48 वर्ष निवासी-ब्लाक कालोनी फरसगांव तहसील फरसगांव जिला-कोंडागांव (छ.ग.) सत्यानिष्ठापूर्वक कथन करती हूं कि शपथपत्र की कंडिका क्र. 01 से 05 तक दी गई जानकारी सही एवं सत्य है। आज दिनांक 26.05.2026 को स्थान फरसगांव में हस्ताक्षर कर सत्यापित की हूं।

अमृत ग्वाल
शपथकर्ता/सत्यापनकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 2510/ब-121/2025-26

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविन्द्र सिंह कश्यप पिता सुकलसाय जाति भतरा ग्राम नरावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने दादा स्व. मोतीराम निवासी ग्राम नरावंड तहसील करपावंड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के दादा स्व. मोतीराम पिता स्व. सोनाधर उर्फ सिकड़ा ग्राम नरावंड का दिनांक 10/08/2002 को मृत्यु हुई है। आवेदक रविन्द्र सिंह कश्यप पिता सुकलसाय जाति भतरा ग्राम नरावंड तहसील करपावंड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के दादा स्व. मोतीराम मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 08/06/2026 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 25/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावंड जिला बस्तर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 2511/ब-121/2025-26

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविन्द्र सिंह कश्यप पिता सुकलसाय जाति भतरा ग्राम नरावंड तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने परदादा स्व. सोनाधर उर्फ सिकड़ा निवासी ग्राम नरावंड तहसील करपावंड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के परदादा स्व. सोनाधर उर्फ सिकड़ा पिता स्व. अरछित ग्राम नरावंड का दिनांक 14/04/1986 को मृत्यु हुई है। आवेदक रविन्द्र सिंह कश्यप पिता सुकलसाय जाति भतरा ग्राम नरावंड तहसील करपावंड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के परदादा स्व. सोनाधर उर्फ सिकड़ा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 08/06/2026 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 23/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावंड जिला बस्तर

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## इको क्लब शुरू करेगा ग्रीन समर कैंप

**जगदलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को लेकर एक अनूठी पहल शुरू की गई है। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में स्थापित इको क्लबों द्वारा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विविध गतिविधियों की शुरूआत की जा रही है। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ और भारत सरकार के निदेर्शानुसार यह पूरा आयोजन मिशन लाइफ के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्धेश्य स्कूली विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, सतत जीवनशैली और जलवायु परिवर्तन के प्रति जिम्मेदारी व जागरूकता का भाव विकसित करना है। विश्व पर्यावरण दिवस की मुख्य थीम जलवायु परिवर्तन निर्धारित की गई है। इस विषय पर छात्रों को संवेदनशील बनाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत विद्यालयों में वृक्षारोपण, सीड बॉल निर्माण, स्वच्छता अभियान, पक्षी व जल संरक्षण, जैव विविधता अध्ययन और पर्यावरण शपथ जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जहां छात्रों ने उत्साहपूर्वक एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया है। 5 जून से 30 जून तक ₹ग्रीन समर कैंप₹ का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रकृति से जोड़ने के लिए सात विषयों पर आधारित व्यावहारिक और मनोरंजक गतिविधियां कराई जाएंगी। इसके तहत प्रत्येक शाला को दिए गए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पौधे लगाए जाएंगे और पिछले वर्षों की तरह इस सत्र में भी रोपे गए पौधों के जीवित रहने व उनकी नियमित देखरेख की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी।

## महंगाई भत्ते के लिए प्रदेशव्यापी प्रदर्शन 10 को



**जगदलपुर।** प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में बस्तर जिला अंतर्गत विकासखंड लोहंडीगुड़ा इकाई का विधिपूर्वक गठन किया गया है। संगठन को मजबूती देने के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सुरेश खापर्डे को ब्लॉक अध्यक्ष, जितेन्द्र स्वर्णकार को ब्लॉक सचिव और पूर्ण प्रकाश टंडन को ब्लॉक कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनिर्वाचित बस्तर जिला अध्यक्ष संजय चौहान ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें कर्मचारी और संगठन के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष अतुल शुक्ला ने विकासखंड के सभी शासकीय कर्मचारियों से एकजुट और संगठित होने का आह्वान किया। कार्यकारिणी गठन के दौरान प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने वर्तमान राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों से कई लोक-लुभावन वादे किए थे। आज सरकार को आए ढाई वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन कर्मचारियों से किया गया एक भी वादा पूरा नहीं हुआ है। सरकार की इस वादाखिलाफी से प्रदेश के कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। इसी आक्रोश के चलते छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के नेतृत्व में आगामी 10 जून को 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने तथा अन्य लंबित मांगों को लेकर एक बड़े प्रदर्शन का ऐलान किया गया है।

# पर्यटन स्थलों व सार्वजनिक क्षेत्रों से प्लास्टिक, अपशिष्ट पदार्थों का किया संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

### विश्व पर्यावरण दिवस पर तीरथगढ़ में हुआ स्वच्छता अभियान व जन-जागरूकता कार्यक्रम

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के तीरथगढ़ में शुक्रवार को प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, भविष्य के लिए थीम पर स्वच्छता अभियान में वृक्षारोपण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत तीरथगढ़ के सरपंच मंगलूराम एवं कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के एसडीओ कमल तिवारी की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में ईको-विकास समितियों, नेचर गाइड, जिप्सी एवं बम्बू राफ्टिंग समितियों, स्थानीय ग्रामीणों, युवाओं तथा वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की। शुक्रवार को तीरथगढ़, कामनार, पेदावाड़ा, कुटुमसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें पर्यटक स्थलों एवं सार्वजनिक क्षेत्रों से प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों का संग्रहण किया गया। कोलेंग रेंज के रेंजर श्री कश्यप ने कार्यक्रम का समापन करते हुए पर्यावरण संरक्षण में सामुदायिक सहभागिता की सराहना की। कुटुमसर रेंज की रेंजर नीतू सिंह ठाकुर ने अपने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा इसके लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम के मंच का संचालन वैष्णवी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुटुमसर रेंज के डिप्टी रेंजर संतोष काछी एवं परविंद्र राय, कोलैंग रेंज के डिप्टी रेंजर प्रभु एवं निशाद अधिकारी, मैदानी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल रहे। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर को नेतानार में क्रेटिव कांगेर थीम के अंतर्गत बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**पर्यावरण संरक्षण की ओर कदम**

ग्राम पंचायत तीरथगढ़ के सरपंच ने स्वच्छता बनाए रखने एवं कचरे के उचित निपटान की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं स्थानीय समुदाय, बम्बू राफ्टिंग समिति, ईको-विकास समितियों एवं अन्य पर्यटन समितियों के प्रतिनिधियों ने भी पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।







**वृक्ष मानव जीवन का आधार**

एसडीओ श्री तिवारी ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं तथा कोविड काल ने सभी को ऑक्सीजन के महत्व का एहसास कराया है। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे भविष्य की सुरक्षा करते हैं, इसलिए उनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं।

### सांसद, कलेक्टर, एसपी व सीईओ ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# सिंदूर वाटिका में रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के प्रति जन-जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार शाम सिंदूर वाटिका में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनजातीय गौरव वाटिका के सामने स्थित सिंदूर वाटिका में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सांसद बस्तर महेश कश्यप, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन ने पौधरोपण कर हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, वन विभाग के अन्य अधिकारियों और उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पर्यावरण प्रेमी एवं नागरिकों ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**बस्तर को हरा-भरा बनाने प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया कदम**





# पौधों की देखभाल और सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी : कलिहारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव के शाला परिसर एवं बगीचे में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाना था। शुरूआत मुख्य अतिथि राजेंद्र कलिहारी ने पौधरोपण कर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या मोनिता पाणिग्रही ने की जिनके मार्गदर्शन में आयोजन संपन्न हुआ। वन मंडल अधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के भरपूर सहयोग और वन अधिकारी आर. एल. बंजारे के प्रयासों से आसना पार्क की नर्सरी से 50 पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। ये सभी 50 पौधे मनरेगा योजना के अंतर्गत विद्यालय को प्रदाय किए गए थे। पर्यावरण संतुलन और परिसर की सुंदरता को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए, जिनमें मुख्य रूप से अमरूद, करंज, अर्जुन जामुन, मिनी गुलमोहर, काजू के पौधे थे। कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने इस अभियान में हिस्सा लिया। कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर और सहायक कार्यक्रम अधिकारी लोकेश्वर निषाद के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने गड्ढे तैयार करने से लेकर पौधों को रोपने और उन्हें सुरक्षित करने का जिम्मा संभाला। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और स्वयं पौधरोपण किया।

■ शासकीय विद्यालय करीतगांव में पर्यावरण दिवस मनाया गया

**प्राचार्या ने छात्रों को दिलाया संकल्प**

मुख्य अतिथि एवं प्राचार्या ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल पौधा लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल और सुरक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है। सभी उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने रोपे गए पौधों को जीवित रखने और उनकी नियमित देखरेख करने का संकल्प लिया।

# बिल्लोरी में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम बिल्लोरी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एस.बी.आई.फाउंडेशन के सहयोग से एवं परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 81 ग्रामीणों ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। शिविर की शुरूआत में परिवर्तन समाज विकास समिति के कार्यकतार्ओं ने ग्रामीणों को हमारी धरती, हमारा भविष्य थीम पर जानकारी दी। शिविर के दौरान गांव के सार्वजनिक स्थलों पर 20 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। हर प्रतिभागी को एक पौधे की जिम्मेदारी दी गई। सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की ग्रामीणों ने शपथ ली। वर्षा जल संचयन और पारंपरिक जल स्त्रोतों को बचाने के उपाय बताए गए। मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम ने बताया कि स्वच्छ पर्यावरण का सीधा संबंध स्वास्थ्य से है। बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन एवं वृक्षों के महत्व पर आधारित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। साथ ही जनसामान्य को जागरूक किया गया।

वहीं महिलाओं एवं किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के विषय में डेमो के माध्यम से जानकारी दी गई। उन्हें माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, सैनिटरी पैड के सही उपयोग एवं निपटान तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में बताया गया।

परियोजना समन्वयक सूरज पटनायक ने बस्तर के दूरस्थ गांवों तक स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण चेतना पहुंचाने की बात कही। सरपंच उमन बघेल सचिव कमल किशोर कश्यप, जनपद सदस्य फूल कुमारी बघेल, मितानिन लक्ष्मी देवांगन, चंपा कश्यप, हेमवती कश्यप, डॉ हिरमा मरकाम, फार्मासिस्ट रविन्द्र पोयाम, लैब टेक्नीशियन पल्लवी पांडे, स्टाफ नर्स सनबारी बघेल पायलट अशोक बघेल उपस्थित रहे।

■ सार्वजनिक स्थलों पर 20 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए

### सीआरपीएफ ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को किया जागरूक

# आने वाली पीढियों के लिए बेहतर वातावरण बनाते हैं पेड़ः रंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि हमें इसे अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। पेड़ न केवल हमें केवल स्वच्छ वायु और छाया प्रदान करते है बल्कि आने वाली पीढियों के लिए भी एक बेहतर वातावरण सृजित करते हैं। यह कहना था डीआईजी सीआरपीएफ मानस रंजन का जो उन्होंने लालबाग उद्यान में वृक्षारोपण के अवसर पर कही।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जगदलपुर रेंज के सीआरपीएफ बल द्वारा एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। डीआईजी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढाने की दिशा में जन जागरूकता फैलाना है।

इस अवसर पर रेंज कार्यालय केरिपुबल जगदलपुर के डीआईजी मानस रंजन के नेतृत्व में लाल बाग उद्यान में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान टूआईसी दिनेश कुमार सिंह, मनीष सक्सेना, उप कमाण्डेंट एन्थोनी एम., सहायक कमाण्डेंट एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे लगाये।

■ डीआईजी के नेतृत्व में लालबाग उद्यान में लगाए गए फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे



**पौधों के नियमित देखभाल का लिया संकल्प**

वृक्षारोपण के अवसर पर डीआईजी ने अपने सम्बोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि हमें इसे अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। पेड़ न केवल हमें स्वच्छ वायु और छाया प्रदान करते है बल्कि आने वाली पीढियों के लिए भी एक बेहतर वातावरण सृजित करते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से बल के जवानों ने स्थानीय नागरिकों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया तथा अधिकाधिक पौधारोपण करने का आव्हान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया।



## विद्यार्थियों के जन्मदिन पर लगाए जाएंगे नीम, जामुन और मुनगा के पौधे

**जगदलपुर।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार के प्राचार्य दीपक कुमार घोष मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के निर्देशन में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी ने पर्यावरण दिवस की आवश्यकता पर प्रकाश डालते बताया कि आज वैश्विक तापमान में वृद्धि और बढ़ता हुआ प्रदूषण चिंता का विषय है। इसका मुख्य कारण जीवाश्म ईंधन कोयला, तेल, गैंस जलने से हर साल 37 अरब टन सीओ 2 का उत्सर्जन हो रहा है। और सीओ 2 को सोखने वाले वनो की कटाई से प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। इसका एक ही समाधान है हर व्यक्ति एक पेड़ लगाकर उसे संरक्षित करने की जिम्मेदारी ले। वनों की कटाई से प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा विद्यालय में विद्यार्थियों के जन्मदिवस पर नीम, जामुन, मुनगा का पौधा लगवाया जाएगा जिसकी संरक्षण की जिम्मेदारी उस विद्यार्थी को दिया जाएगा और पौधे का निरीक्षण भी समय समय पर किया जाएगा।

**प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का लिया संकल्प**

# मेडिकल कालेज में लगाए गए 100 से अधिक पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों एवं इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने परिसर में 100 से अधिक पौधों का रोपण किया।

पौधारोपण अभियान के अंतर्गत जामुन, आम, नीम, कदम, करंज ,इमली, मौलश्री सहित क्षेत्र की पारिस्थितिकी के लिए महत्वपूर्ण देशज प्रजातियों के पौधे लगाए गए। प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।

महाविद्यालय के डीन डॉ प्रतीक बेक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी से प्रकृति के प्रति जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने का सतत प्रयास है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के चिकित्सकगण, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। डॉ. प्रदीप बेक, डॉ. कमलेश ध्रुव, डॉ. डी. आर. मंडावी, डॉ. प्रदीप पांडे, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. प्रशांत अनीप्पु, डॉ. बिथिका नेल कुमार, डॉ. शालिनी जैन, डॉ. अमर सिंह ठाकुर, डॉ. शरद देशमुख, डॉ. ए. एस. ठाकुर, डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. निखार देवांगन, डॉ. प्रशु वर्मा, डॉ. मितेश सिंह एवं डॉ. जैस्वी वर्मा तथा इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने जानकारी दी ।

किशोर पारेख ने कहा हर नागरिक यदि प्रतिवर्ष पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो हरित और स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सकता है।

ट्री मेन सम्पत झा ने कहा आज संकल्प ले जो भी पौधे लगाएं उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षण एवं नियमित देखभाल दें। हरियाली बढ़ेगी तो धरती मुस्कुराएगी, पर्यावरण सुरक्षित होगा और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी उज्ज्वल बनेगा।

अप्रतिम झा ने बताया वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का प्रतीक है।

रोहित सिंह ने कहा पेड़ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन, छाया और स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करते हैं, इसलिए इनके संरक्षण का संकल्प आवश्यक है।

डॉ. मनोज ने विद्यार्थी अधिक से अधिक पौधे लगाएं, उनका संरक्षण करें और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

# विश्वविद्यालय में हुआ पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर के शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर एवं बालक छात्रावास परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर निर्माण तथा युवाओं में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। विश्वविद्यालय परिसर में फलदार पौधे का रोपण किया गया विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी द्वारा जामुन का फलदार पौधे लगाए, प्रोफेसर शरद नेमा, डॉ. सजीवन कुमार कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस, डॉ. विनोद सोनी, विजय भारत पर्यावरण विद, डॉ. मेक्सुदन, डॉ. भुनेश्वर लाल साहू, डॉ. नीरज वर्मा, डॉ. दुर्गेश डिक्सेना, डॉ. कृष्णा वर्मा, प्रेम जीत निराला, देवेन्द्र दुर्गे ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों, विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विभागाध्यक्ष ने वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण तथा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस ने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित करना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा युवा पीढ़ी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय परिसर एवं बालक छात्रावास में फलदार आम, जामुन, कटहल, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने पौधों की सुरक्षा एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने का भी संकल्प व्यक्त किया।

■ पर्यावरण संरक्षण पर जनजागरूकता फैलाने का किया संकल्प

■ शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय मना विश्व पर्यावरण दिवस



**पौधारोपण के साथ संरक्षण भी हमारी जिम्मेदारी**

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. लालवानी ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित और हरा-भरा बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके संरक्षण एवं संवर्धन की जिम्मेदारी भी सभी को निभानी चाहिए।

## किसान दिनेश को भाया नैनो यूरिया और डीएपी बेहतर उत्पादन के लिए किसानों को मिला विकल्प



**जगदलपुर।** आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक नवाचारों ने कृषि क्षेत्र की तस्वीर बदलनी शुरू कर दी है। यहां पारंपरिक बोरी वाले उर्वरक को छोड़कर किसान अब नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसी आधुनिक तकनीक को अपना रहे हैं। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान दिनेश पाणीग्राही का अनुभव इस बात को दर्शार्ता है कि नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी न सिर्फ फसलों का उत्पादन बढ़ा रहा है, बल्कि किसानों की जेब और मेहनत दोनों को बचा रहा है और एक बेहतर विकल्प बन गया है। उन्होंने इसके उपयोग से मिले बेहतरीन अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि पिछले दो-तीन वर्षों से इस उत्पाद का उपयोग कर रहे हैं। पहले जहां एक एकड़ में डेढ़ से एक बोरी यूरिया और दो बोरी दानेदार डीएपी की खपत होती थी, वहीं अब उसकी जगह एक छोटी सी बोतल नैनो यूरिया तथा एक बोतल नैनो डीएपी ने ले लिया है।